प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के आश्वासन के बाद देश भर के रेजिडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल वापस लेने का किया फैसला।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान स्पेशल ब्रांच से कराने का दिया निर्देश, लैंड रिकार्ड भी जांचने को कहा।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
4. राज्य में मानसून फिर सक्रिय, रांची और पलामू समेत कई जिलों में हुई जोरदार बारिश, मौसम विभाग ने चार दिनों तक कई क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट किया जारी।
5. राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश को हराकर झारखंड की टीम ने खिताब पर जमाया कब्जा।

*********************

रेजीडेंट डॉक्टर एसोसिएशन फेडरेशन– एफओआरडीए ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की हत्या की घटना को लेकर अपनी हड़ताल वापस लेने का फैसला किया है। एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल के नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ हुई बैठक के बाद ये निर्णय लिया गया। इस घटना को लेकर देशभर के डॉक्टर सोमवार से ही विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बाद में मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष अविरल माथुर ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान स्पेशल ब्रांच से कराने को कहा है। अदालत ने कहा है कि देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा में मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले लैंड रिकार्ड और अन्य दस्तावेज की जांच अवश्य किया जाये।

*********************

इस बीच गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने पाकुड़ जिले में महेशपुर के गायबथान, तारानगर और केकेएण कॉलेज छात्रावास का दौरा किया और पीड़ितों से मिलकर उन्हें मदद का भरोसा दिलाया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री दुबे ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण राज्य में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

*********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर हमला बोला है। युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर रांची में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी से राज्य के युवा आक्रोशित हैं और 23 अगस्त को वे अपना हक मांगने मुख्यमंत्री आवास पहुंचेंगे।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम 7 बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसे प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के पश्चात क्षेत्रीय चैनलों द्वारा इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात 9 बजकर 30 मिनट पर इसका क्षेत्रीय भाषा संस्करण प्रसारित करेगा।

*********************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के साथ ही स्पिलंटर ग्रुप के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये नक्सल गतिविधियों की समीक्षा करते हुए डीजीपी ने चाईबासा, पलामू, लातेहार, बोकारो, चतरा गिरिडीह जिले के पुलिस अधीक्षकों को खास तौर पर रणनीति बनाकर माओवादियों और अन्य उग्रवादी संगठनों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

*********************

स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में देश भर में हर घर तिरंगा रैलियां आयोजित की जा रही हैं। देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए यह अभियान कल तक पूरे देश में चलाया जा रहा है। सरकार ने लोगों से घरों पर तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह किया है। केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि तिरंगा देश का गर्व है और ये देश को एक सूत्र में बांधता है।

*********************

इधर, झारखंड में भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जमशेदपुर में आम लोगों के बीच तिरंगा, तिरंगा हैण्ड बैंड, तिरंगा हेयर बैंड, तिरंगा टोपी जैसे कई सामग्रियों का वितरण किया गया। इधर, रैपिड एक्शन फोर्स की ओर सेएक भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का नेतृत्व आरएएफ के कमांडेंट राजीव कुमार ने किया।

*********************

राज्य सरकार पूर्वी सिंहभूम जिले में तीन नये पशु चिकित्सालय खोलने की तैयारी में है।

*********************

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। कल शाम रांची और पलामू समेत राज्य के कई जिलों में जोरदार बारिश हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने अगले चार दिनों तक मानसून के सक्रिय रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान राज्य के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

दिल्ली के डॉक्टर आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित 63वीं अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब हासिल कर लिया है। फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम ने बांग्लादेश को 4–1 के अंतर से पराजित किया। टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार झारखंड की ललिता बोनपाई को दिया गया। टूर्नामेंट की बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार अनिशा उरांव को दिया गया। झारखंड की बेटियों के शानदार प्रदर्शन और टीम की जीत पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरी टीम को बधाई दी है।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने डॉक्टर रेप–मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–ट्रेनी डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले की सीबीआई जांच शुरु।

प्रभात खबर ने लिखा है–डॉक्टर रेप–मर्डर केसः कलकता हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने अपने हाथ में ली जांच।

दैनिक जागरण लिखता है–डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की होगी सीबीआई जांच।

हिन्दुस्तान ने झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है–संताल में जमीन दस्तावेज मिलान कर बनायें आईडी।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है–बड़ी खोज, मंगल ग्रह पर मिल गया पानी का विशाल भंडार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी डाक्टर मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

**************